सगमा में बन रहा था नकली हार्पिक, भारी मात्रा में नकली हार्पिक जब्त

धुरकी: पुलिस ने सगमा में नकली हार्पिक बनाने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सगमा निवासी हरिदर्शन यादव के दुकान से 200 एमएल का भरा हुआ 720 डब्बा, 200 एमएल का 751 पीस खाली डब्बा, रैपर 6500 पीस, नकली ढक्कन 651 पीस, केमिकल 8 लीटर, ई आई पी आर अधिकृत P&G कंपनी का टाइड प्लस नकली भरा हुआ पैकेट 95 ग्राम का 900 पीस, टाइड प्लस नकली खाली पैकेट 1100 पीस जब्त किया है।

थाना प्रभारी उपेन्द्र ने बताया कि Reckitt Benckiser (India) pvt. Ltd के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की सगमा में एक दुकान में अवैध रूप से नकली हार्पिक का निर्माण कर खरीद बिक्री किया जा रहा है, जिसके बाद उक्त सूचना का सत्यापन कर हरी दर्शन यादव के दुकान में छापामारी की गई।

जिसमें भारी मात्रा में नकली भरा हुआ एवं खाली हार्पिक का डब्बा, उसमे प्रयोग होने वाला ढक्कन, नकली रैपर आदि को जप्त कर Reckitt Benckiser (India) pvt. Ltd के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर कांड अंकित किया गया है। छापामारी के क्रम में दुकानदार को दुकान में नही पाया गया।

Source: https://banshidharnews.com/Fake-Harpic-was-being-made-in-Sagama